**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**27 अप्रैल 2024, समय 1810**

- केंद्र सरकार ने बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस एवं श्रीलंका को 99 हज़ार टन से अधिक प्याज़ के निर्यात की अनुमति दी।
- हरियाणा में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों ने अपनी पार्टी के पक्ष में मतदान के लिए जनसंवाद किया।
- हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, ई वी एम और वीवीपैट के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई।
- अंबाला शह र के व्यापारियों ने किसानों के रेल रोको आंदोलन के कारण अंबाला शहर में व्यापार ठप होने का दावा किया।
- आज चंडीगढ़ और पंचकूला में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

.....................................................................................................

केंद्र सरकार ने बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99 हजार टन से अधिक प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है।

सरकार ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों के लिए विशेष रूप से उगाए गए दो हजार टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है। पिछले साल दिसंबर में, वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों की अनुमानित कम उपज को देखते हुये और पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले के मंत्रालय ने कहा कि इस साल मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत रबी मौसम में से प्याज की बफर खरीद का लक्ष्य इस साल पांच लाख टन तय किया गया है।

.....................................................................................................

हरियाणा में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा जनसंवाद किया गया।

रोहतक में करनाल लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोहर लाल ने युवाओं के साथ संवाद में सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में चर्चा की और बी जे पी प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा को भारी मतोंसे जिताने की अपील की।

उन्होंने दावा किया कि एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर बीजेपी जीत दर्ज करेगी।

मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कांग्रेस में गुटबाज़ी होने का दावा किया। कई जगह बीजेपी उम्मीदवारों के विरोध पर उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले किसान नहीं बल्कि आंदोलन करने वाले लोग है।

हिसार में सिरसा से प्रत्याशी अशोक तंवर ने लोगों से हिसार बीजेपी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी को सभी वर्गोंका सहयोग मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस बार पार्टी 400 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज केरगी।

उधर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी ने जींद के ऐतिहासिक गांव पाण्डु पिंडारा से अपना चुनाव प्रचार अभियान शुरू किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी झूठे वादे कर रही है और दावा किया कि वे भारी मतों से विजयी होंगे।

..........................................................................................

हरियाणा में कांग्रेस द्वारा लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा के बाद प्रदेश में मुख्य पार्टियों के प्रत्याशी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

भिवानी महेंद्रगढ़ से बीजेपी प्रत्याशी धर्मवीर सिंह ने आज भिवानी में कहा कि कांग्रेस देश में 250 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे में कांग्रेस मिलीजुली सरकार बनाकर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रोहतक के अलावा कहीं भी मुकाबले में नहीं है।

भिवानी महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह महेंद्रगढ़ विधानसभा हलके तक सीमित हैं।

..........................................................................................

आज हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में पीठासीन, सहायक पीठासीन एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, ई वी एम और वी वी पैट के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जींद में अधिकारियों एवं कर्मवारियों को मतदान प्रक्रिया एवं ई वी एम के इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में प्रायोगिक अभ्यास किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव संबंधी हस्त पुस्तिका का अध्ययन करने को कहा ताकि जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से चुनाव करवाये जा सकें।

पलवल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में प्रायोगिक अभ्यास का आयोजन किया गया, जहां मुख्य प्रशिक्षक प्रेम सिंह ने सभी सहायक पीठासीन अधिकारियों को ई वी एम और वी वी पैट के बारे में जानकारी दी। वहीं ज़िला निर्वाचन अधिकारी नेहा सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयम से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने को कहा।

..........................................................................................

अंबाला शहर के व्यापारियों ने चुनाव आयेग एवं मुख्य न्यायधीश को पत्र लिखकर किसानों द्वारा शंभु रेलवे ट्रैक पर दिये जा रहे धरने से संबंधित समस्या को हल करने की मांग की है।

आज अंबाला में व्यापारी संगठनों द्वारा आयोजित पत्रकारवार्ता में संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानों के धरने से अंबाला के व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। शहर में एशिया के सबसे बड़े कपड़ा बाज़ार, मिक्सी उद्योग, स्वर्णकार, इलैक्ट्रिक व कॉस्मैटिक बाज़ार मे काम पूरी तरह से ठप हो गया है और पंजाब एवं हिमाचल से आने वाले ग्राहक इस वजह से खरीदारी के लिए नहीं आ रहे। उन्होंने दावा किया कि किसानों के धरने एवं रेल रोको आंदोलन के कारण व्यापारियों को करोड़ों रूपये का नुकसान हुआ है।

..........................................................................................

आज चंडीगढ़ और पंचकूला में कुछ स्थानों पर तेज़ हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई जबकि चंडीगढ़ के कई सेक्टरों में तेज़ बारिश के साथ ओले भी पड़े।

वहीं मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में रात को गरज प चमक के साथ हलकी बारिश और ओलावृष्टि होने की जानकारी दी है। कैथल जिले में रात तेज बरसात हुई, लेकिन आज दोपहर बाद धूल भरी आंधी चली। हमारे संवाददाता ने बताया है कि बरसात के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।

फरीदाबाद के भी कई इलाकों में रत रूक रूक कर बरसात होने की खबर है। मौसम विभाग ने हरियाणा और चंडीगढ़ में कल व परसों 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे कर रफ्तार से तेज हवायें चलने और गरज, चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है।

.........................................................................................

चरखी दादरी जिले की मंडियों में कल सरसों व गेहूं की खरीद बंद रहेगा।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आज भी मंडी में फसल उठान की वजह से खरीद कार्य बंद रहा। चरखी दादरी की मंडी अधिकारी ज्योति धनखड़ ने कहा कि कल भी गेट पास नहीं काटे जायेंगे। इस दौरान केवल उठान का कार्य किया जायेगा।

.........................................................................................

हरियाणा में पुलिस प्रशासन ने लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

आज जींद ज़िले के जुलाना उपमंडल उवं जींद शहर में उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया।

श्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि आज जुलाना और जींद मुख्यालय पर अर्द्ध सैनिक बलों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया गया। जुलाना में यह मार्च पुलिस थाने से शुरू होकर मुख्य बाज़ार से होते हुए हलके के कई गांव में भी निकाला गया जबकि जींद में जवानों ने मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च किया।

उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में यह विश्वास पैदा करना था कि वे बिना किसी डर के मतदान में भाग ले सकते हैं। उप पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अपील की कि अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलाता है या किसी को डराने धमकाने की कोशिश करता है तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

उधर कुरूक्षेत्र जिले के थानेसर क्षेत्र में भी आज फ्लैग मार्च निकाला गया जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की महिला टुकड़ी ने भी भाग लिया। फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने लोगों को निर्भय होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

.........................................................................................

सिरसा के चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने वर्ष 2023 -24 में एकीकृत अध्यापक शिक्षा कोर्स शुरू किया है। जिसमें 12वीं पास विद्यार्थी बीएड पाठ्यक्रम के साथ एकीकृत डिग्री लेकर शिक्षक बन सकते है। यह कार्यक्रम 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार है तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा प्रमाणीकृत है।

विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर रणजीत कौर ने बताया की इस कोर्स में दाखिले के लिए राष्ट्रीय परीक्षा ऐजेंसी एन टी ए द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का संचालन किया जाएगा।

.........................................................................................

पंचकूला के कालका स्थित राजकीय महाविद्यालय में चुनावी साक्षरता क्लब की ओर से आज "मतदान का महत्व" विषय पर भाषण और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कालका उपमंडल अधिकारी लक्षित सरीन और तहसीलदार विवेक गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

इस अवसर पर श्री सरीन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में भाग लेना हर नागरिक का कर्तव्य है।

प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए एक-एक वोट बहुत महत्वपूर्ण है।

....................................................................................................